# MODEL TEST PAPER
## CLASS - 8th
## SUBJECT - Hindi

**Time : 3 hours** **M.M. : 100**

**विशेष:**

1. प्रश्न पत्र चार खण्डों क, ख, ग तथा घ में विभक्त है।
2. खण्ड 'क' अपठित गद्यांश पर आधारित बहु वैकल्पिक प्रश्न।
3. खण्ड 'ख' पाठ्य पुस्तकों पर आधारित वस्तुनिष्ठ व विषय वस्तुपरक प्रश्न।
4. खण्ड 'ग' व्याकरण पर आधारित बहुबैकल्पिक व वस्तुनिष्ठ प्रश्न।
5. खण्ड 'घ' पत्र लेखन व निबन्ध लेखन।

**निर्देश:**

1. सभी प्रश्न करना अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के अंक सामने दिए गए है।
2. प्रश्न के सभी उपभागों के उत्तर एक साथ दें।
3. सुलेख का विशेष ध्यान रखें।
4. व्याकरण भाग व पाठ्यपुस्तकों पर आधारित वस्तु निष्ठ प्रश्नों के उत्तर काट कर लिखना बर्जित है।

### खण्ड - क ( अपठित गद्यांश )

1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर पूछे गए बहुवैकल्पि प्रश्नों के उत्तर लिखें :- 6

समाज के कुछ ऐसे स्वार्थी, जो केवल थोड़ा साधन कमाने के लिए शिक्षण संस्थानों के आस-पास भोले-भाले किशोरों को नशे का शिकार बनाते हैं और उनके भविष्य से खिलवाड़ करने लगते हैं। परन्तु उन भोले- भोले किशोरों को उनकी चाल का पता नहीं चलता और वे अनजाने में ही इस धीमें जहर का शिकार हो जाते हैं। ये मादक पदार्थ बहुत मंहगे होते हैं और वे अनजाने में ही इस धीमे जहर का शिकार हो जाते हैं। ये मादक पदार्थ बहुत मंहगे होते हैं और छात्र जीवन में उनके पास इतना धन नहीं होता इसलिए उन्हें खरीदने की चाह में किशोरावस्था में ही वे अपराधी तक बन जाते हैं। बहुत बार तो नशा करने वाले व्यक्ति, नशा न मिलने आत्महत्या जैसा क्रूर कदम भी उठा लेते है।

क) उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक निम्न में से चुनिए-

स्वार्थी समाज

किशोरावस्था में अपराध

नशा और विद्यार्थी

आत्महत्या

ख) स्वार्थी लोग किस कारण से बच्चों को अपना शिकार बनाते हैं?

पैसों के लोभ के कारण

बच्चों से कमाई के कारण

किशोरावस्था में उन्हें अपराधी बनाने के लिए।

बच्चों से आत्म-हत्या करवाने के लिए।

ग) नशा न मिलने पर विद्यार्थी क्या करने को मज़बूर हो जाता है ?

| | |
|---|---|
| नशा छोड़ देने को | चोरी करने को |
| आत्महत्या करने को | पढ़ाई करने को। |

घ) भोले-भाले किशोर किस धीमें ज़हर का शिकार हो जाते हैं ?

| | |
|---|---|
| बशे का | खेल का |
| आत्म-हत्या का | धन कमाने का। |

ङ) किस प्रकार के लोग किशोरों को नशे का शिकार बनाते हैं ?

निस्वार्थी स्वार्थी

परोपकारी लालची

च) आत्महत्या के लिए सही समास-विग्रह चुने।

आत्मा के लिए हत्या आत्मा से हत्या

आत्मा की हत्या आत्मा में हत्या

**खण्ड - ख ( पाठ्य पुस्तकों पर आधारित )**

**पाठ्यपुस्तक वसन्त ( काव्य खण्ड )**

2. निम्नलिखित काव्याँश को पढ़कर पूछे गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर लिखें

द्वार खड़ो द्विज दुर्बल एक,
रहयों चकिसो बसुधा अभिरामा॥
पूछत दीनदयाल को धाम,
बतावत आपनो नाम सुदामा॥

क) उपर्युक्त काव्य पद में किसके बारे में बताया गया है ?

(i) सूरदास के (ii) सुदामा के

(iii) द्वारपाल के (iv) दुर्बल व्यक्ति के बारे में

ख) वह हैरान होकर किसे देख रहा है ?

(i) दीन दयाल को (ii) द्वार पाल को

(iii) स्वयं को (iv) महल को

ग) दीनदयाल यहाँ किसके लिए प्रयुक्त हैं ?

(i) श्री राम के लिए (iii) श्री कृष्ण के लिए

(iii) सुदामा के लिए (iv) द्वारपाल के लिए।

घ) 'अभिराम' का समानार्थक शब्द चुनिए -

(i) सुन्दर (ii) विराम

(iii) ताजा (iv) चमक

3. निम्नलिखित दो पद्यांशो में से किसी एक की व्याख्या प्रसंग सहित लिखें। 8

अभी न होगा मेरा अन्त
अभी-अभी ही तो आया है
मेरे बन में मृदुल वसंत
अभी न होगा मेरा अन्त।

**अथवा**

माला तो कर में फिरै, जीभि फिरै मुख माँहि।
मनुवाँ तो दहुँदिसि फिरै , यह तो सुमिरन नाहिं॥

4. निम्नलिखित में से किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर दीजिए 12

क) कवि को ऐसा विश्वास क्यों है कि उसका अन्त भी नहीं होगा?

ख) कवि ने पक्षी और बादल को भगवान के डाकिए क्यों बताया है ? स्पष्ट कीजिए।

ग) कबीर घास की निन्दा करने से क्यों मना करते हैं ? कबीर के दोहे के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

घ) मक्खन चुराते और खाते समय श्री कृष्ण थोड़ा-सा माखन क्यों बिखरा देते हैं ?

ङ) श्री कृष्ण अपनी चोटी के विषय में क्या-क्या सोच रहे थे ?

च) सुदामा की दीन दशा देखकर श्री कृष्ण की क्या मनोदशा हुई? अपने शब्दों में लिखिए ।

छ) अपने गाँव लौट कर जब सुदामा अपनी झोंपड़ी नहीं खोज पाए तब उनके मन में क्या-क्या विचार आए? कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

ज) दूध की तुलना में श्री कृष्ण कौन से खाघ पदार्थ को अधिक पसन्द हैं ?

## पाठ्यपुस्तक वसन्त ( गघ खण्ड )

5. निम्नलिखित पठित गद्याँश के प्रश्नों के बहुविकल्पीय प्रश्नों में से सही उत्तर चुनिए- 4

बादशाह हुमायूँ शेरशाह से हारकर भागा था और सिंध के रेगिस्तान में मारा मारा फिर रहा था। एक अवसर पर प्यास से उसकी जान निकल रही थी। उस समय एक ब्राहण ने इसी लोटे से पानी पिला कर उसकी जान बचाई थी। हुमायूँ के बाद अकबर ने उस ब्राहम्ण का पता लगाकर उससे इस लोटे को ले लिया और इसके बदले में उसे इसी प्रकार के दस सोने के लोटे प्रदान किए। यह लोटा सम्राट अकबर को बहुत प्यारा था। इसी से इसका नाम अकबरी लोटा पड़ा। वह बराबर इसी से वजू करता था।

क) बादशाह हुमायूँ हारकर कहाँ भागा था ?

(i) दरबार में (ii) महल में

(iii) गुफा में (iv) सिंध के रेंगिस्तान में।

ख) बादशाह की जान किसने बचाई ?

(i) ब्राहमण ने (ii) अकबर ने

(ii) सैनिकों ने (iv) शेरशाह ने

ग) इस पाठ (अकबरी लोटा) के लेखक का नाम निम्न में से है-

(i) पी. साइनाथ (ii) रामचन्द्र तिवारी

(iii) अन्नपूर्णानंद वर्मा (iv) निर्मल वर्मा

घ) मारा-मारा फिरना मुहावरे का अर्थ स्पष्ट करें -

(i) सबसे मार खाते फिरना(ii) मेहनत करते रहना

(ii) दर-दर घूमना (iv) ठोकरें खाते फिरना

6. गद्य पाठों पर आधारित किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दें। 12

क) बच्चों के ऊधम मचाने के कारण घर की क्या दुर्दशा हुई ?

ख) ओंस की बूंद क्रोध और घृणा से क्यों काँप उठी ?

ग) 'गजब हो गया। ऐसी बस अपने आप चलती है।'

लेखक को यह सुनकर हैरानी क्यों हुई ?

घ) मशीनीं युग से बदलू के जीवन में क्या बदलाव आया ?

ङ) जब पहली बोलती फिल्म प्रदर्शित हुई तो उसके पोस्टरों पर कौन से वाक्य छापे गए? उस फिल्म में कितने चेहरे थे ? स्पष्ट कीजिए ।

च) क्या चिट्ठियों की जगह कभी फैक्स, ई-मेल, टेलीफोन तथा मोबाइल ले सकते हैं ?

## पूरक पाठ्यपुस्तक ( भारत की खोज )

7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए - 12

क) महमूद गजनवी कौन था ? उसने भारत में आकर क्या किया ?

ख) भारत छोड़ो प्रस्ताव के पास होने का क्या प्रभाव हुआ ?

ग) भारत में मुगल साम्राज्य की नींव कैसे, कब और किसने रखी?

घ) अग्रेजी सरकार शिक्षा के प्रसार को नापसंद करती थी। क्यों?

ङ) सन् 1857 की क्रान्ति असफल क्यों हुई ?

च) भारत छोड़ो प्रस्ताव कहाँ और कब प्रस्तुत किया गया ? इस प्रस्ताव में क्या सुझाव दिया गया था ?

## खण्ड - ग ( व्याकरण )

8. निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर चुन कर लिखें - 16

क) 'उचित' शब्द का विलोम चुनिए

अनुचित ठीक

सही गलत

ख) भाषा के कितने प्रकार हैं ?

दो एक

चार तीन

ग) हिन्दी भाषा के दो प्रान्तों के नाम लिखिए -

पंजाब, गुजरात तमिलनाडु, बिहार

उत्तरप्रदेश, हिमाचल प्रदेश अण्डेमान-निकोबार, बंगार

घ) स्त्रोत के आधार पर शब्द के भेद हैं -

तीन पाँच

छह चार

ङ) त्रिभुवन में कौन सा समास है ?

कर्मधारय बहुब्रीहि

अव्ययीभाव द्विगु

च) जल के उपयुक्त पर्यायवाची शब्द चुनिए -

नीर जलन

नल वर्षा

छ) जिस स्वर को बालने में कम समय लगे उसे क्या नाम दिया गया है ?

लघु स्वर दीर्घ स्वर

प्लुत ह्रस्व स्वर

ज) 'टेढी खीर होना' मुहावरे का अर्थ निम्न में से है -

बहुत कठिन काम बहुत आसान काम

खीर खाना खीर का स्वाद न होना

झ) संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाला शब्द कहलाता है -

क्रिया सर्वनाम

विशेषण इनमें से कोई नहीं ।

ञ) स्वर के भेद हैं -

दो तीन

पाँच चार

ट) 'घोड़ा' का तत्सम् शब्द चुनकर लिखें

तेज भागने वाला घोटक

धावक गजः

ठ) आई प्रत्यय लगाकर सही शब्द छाँटे -

अच्छी अच्छाई

मीठी लम्बी

ड) 'स्वागत' शब्द का सन्धि-विच्छेद करें -

स्व + आगत सु + आगत

स्वा + गत स + आगत

ढ) काल के प्रकार हैं -

दो तीन

पाँच चार

ण) क का उच्चारण स्थान लिखें -

कण्ठ तालु

ओष्ठ दन्त

त) रचना के आधार पर वाक्य के भेद हैं –

| | |
|---|---|
| चार | आठ |
| दो | तीन |

9. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर यथानिर्देश दें – 10

क) देवालय का समास विग्रह करें –

| | |
|---|---|
| देव का आलय | देव के लिए आलय |

ख) मैं रोटी खाता हूँ। भूतकाल में लिखिए।

| | |
|---|---|
| मैने रोटी खाई | मैं रोटी खाऊँगा |

ग) विशेषण के भेदो की संख्या .... है। (चार/छः)

घ) वाक्य के अंग हैं –

कालवाचक, स्थानवाचक, उद्देश्य, विधेय

ङ) 'प्रबल' शब्द में ....... उपसर्ग है।

च) 'राम जाता है', वाक्य में क्रिया भेद लिखें।

छ) हिन्दी में प्रचलित विराम चिन्हों में से नीचे दिए गए चिन्ह का नाम लिखें।

(?)

ज) अव्यय छांटिए मैं भी कल जाऊंगा।

झ) जो पहले हो चुका हो वाकयांश के लिए एक शब्द होगा –

भूतपूर्व

पूर्व

ज) निम्न में से शुद्‌ध शब्द छाँटे –

उज्ज्वल

आर्शीवाद

## खण्ड – घ ( रचनात्मक )

10. दो में से किसी एक विषय पत्र लिखें – 6

आपने विद्यालय के प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए

**अथवा**

परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर अपने मित्र/सखी को बधाई पत्र लिखें।

11. निम्न में से किसी एक विषय पर पत्र लिखें – 10

क) प्रातःकाल का भ्रमाण

ख) पर्यावरण प्रदूषण

ग) गणातन्त्र दिवस

घ) दीपावली